कमला बालान बाँध, बिहार की प्रगति

2125. **श्री रामभगत पासवान :** क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोसी बांध के साथ सम्बद्ध कमला बालान बाँध (दरभंगा जिला बिहार) का निर्माण कार्य दारजिया में रुक गया है ;

(ख) क्या जनता ने सरकार से अपील की है कि इस बाँध का बरास्ता तिलकेश्वर दारजिया से अगर घाट तक विस्तार किया जाना चाहिए ; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का विचार जनता के हित में इस बाँध को शीघ्र पूरा करने का है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) से (ग). कमला बालान के तटबन्ध दरजिया तक निर्मित हो चुके हैं। सरकार तटबन्धों के विस्तार की लोगों की मांग के प्रति सचेत है। तटवन्धों के विस्तार के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुसंधान बिहार सरकार द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

बिल्ली बाँध का निर्माण

2126. **श्री रामभगत पासवान :** क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विरौल डिवीजन के दरभंगा जिला (बिहार) में भंठा से रजवा तक बिल्ली बांध बनाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बांध को सरकार का कब तक पूरा करने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत मन्त्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख). बिहार सरकार से जानकारी एकत्र की जा रही है और यथा-शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

चौथी पंच वर्षीय योजना में मध्य प्रदेश की नदी जल परियोजनायें

2127. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे :** क्या सिंचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग ने चौथी पंचवर्षीय योजना में मध्य प्रदेश के लिए किन-किन नदी जल परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ;

(ख) उपर्युक्त प्रत्येक स्वीकृत परियोजना पर कुल कितनी राशि खर्च किए जाने की सम्भावना है ; और

(ग) ऐसी परियोजनाओं की संख्या तथा नाम क्या हैं जिन पर प्रारम्भिक कार्य आरम्भ कर दिया गया है ?

सिंचाई और विद्युत मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख). मध्य प्रदेश की चौथी योजना में शामिल करने के लिए निम्नलिखित पांच नई स्कीमें योजना आयोग द्वारा स्वीकृत हो गई हैं :

स्कीम का नाम	अनुमानित लागत (लाख रुपये)
1. बारगूर	71.74
2. पुटकानाला	63.53
3. जमनी बाँध	61.26
4. मयाना टैंक	51.40
5. कंवरपुर	98.83